# यूएन में पाक के खिलाफ गरजा भारत

**पहलगाम हमले पर भारत का कड़ा संदेश, आतंक पर जीरो टॉलरेंस**

**मुंबई, 16 दिसंबर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित 'लीडर फॉर पीस' ओपन डिबेट के दौरान भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर सख्त चेतावनी दी.**



भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश परवथनेनी ने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए पाकिस्तान की नीतियों को बेनकाब किया. उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हैं. भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर भी कड़ा रुख अपनाते हुए साफ किया कि आतंकवाद और बातचीत साथ नहीं चल सकते. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित 'लीडर फॉर पीस' ओपन डिबेट के दौरान भारत ने पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी. भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश परवथनेनी ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने की अपनी नीति से बाज नहीं आ रहा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं और रहेंगे. साथ ही भारत ने सिंधु जल संधि पर अपने रुख को आतंकवाद से जोड़ते हुए पाकिस्तान को आईना दिखाया. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को उसके दोहरे रवैये पर करारा जवाब दिया. 'लीडर फॉर पीस' डिबेट में भारतीय राजदूत हरीश परवथनेनी ने जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया और कहा कि यह क्षेत्र भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है.

**विश्वसनीयता पर सवाल**

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हर बार अंतरराष्ट्रीय मंच का दुरुपयोग भारत विरोधी एजेंडे के लिए करता रहता है, जिससे अब उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं. भारतीय राजदूत ने अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए बताया कि धर्म के आधार पर 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या की, जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का उदाहरण है. भारत ने सिंधु जल संधि पर अच्छे विश्वास से हस्ताक्षर किए थे, लेकिन बदले में पाक ने आतंकवाद का रास्ता चुना. भारत ने साफ किया कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को स्थायी रूप से समाप्त नहीं करता तब तक सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी.

## कश्मीर में बारह जगहों पर आतंकी मामले में छापे मारे

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर पुलिस की सीआईके ने मंगलवार को एक आतंकी मामले के सिलसिले में कश्मीर घाटी में 12 जगहों पर छापे मारे. अधिकारियों ने बताया सीआईके पुलिस स्टेशन में 2023 में आईपीसी की धारा 153-ए व 505 और गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम की धारा 13 और 18 के तहत दर्ज मामले में तलाशी वारंट मिलने के बाद सात जिलों में 12 जगहों पर तलाशी ली गई. यह मामला आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों और आतंकवाद के ऑनलाइन समर्थन से संबंधित है, जिसका मकसद कथित तौर पर चरमपंथी गतिविधियों के लिए लोगों की भर्ती करना था. विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है.

# स्पीकर कमेटी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड**

**सचिवालय को नोटिस जारी कर 7 को मांगा जवाब**

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. कैश कांड मामले में घिरे दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने लोकसभा स्पीकर की ओर से गठित तीन सदस्यीय समिति को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है.**



यह मामला संसद में जस्टिस वर्मा को पद से हटाने की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है. सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए लोकसभा और राज्यसभा दोनों के सचिवालय को नोटिस जारी किया है और उनसे 7 जनवरी तक जवाब मांगा है. सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या कानून बनाने वालों को यह भी नहीं पता कि ऐसा नहीं किया जा सकता? जानकारों के अनुसार जस्टिस वर्मा की दलील है कि संसद द्वारा अपनाई गई मौजूदा प्रक्रिया गलत है. उनका कहना है कि जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत किसी जज को हटाने की प्रक्रिया तभी आगे बढ़ सकती है, जब लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन प्रस्ताव को स्वीकार करें और उसके बाद एक संयुक्त समिति का गठन किया जाए, लेकिन इस मामले में सिर्फ लोकसभा ने प्रस्ताव पारित किया है, जबकि राज्यसभा में यह प्रस्ताव अभी लंबित है. जस्टिस वर्मा का यह भी कहना है कि 21 जुलाई को जब दोनों सदनों में उन्हें हटाने का प्रस्ताव पेश किया गया था, तब आगे की जांच के लिए दोनों सदनों की संयुक्त समिति बननी चाहिए थी. ऐसे में केवल लोकसभा स्पीकर द्वारा समिति का गठन करना कानून के खिलाफ है. जज जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी बंगले में 14-15 मार्च की रात आग लगने की घटना सामने आई थी. आग बुझाने के दौरान फायर सर्विस को स्टोर रूम से जले हुए नोटों की गड्डियां मिलीं थी.

# मनरेगा का नाम बदलने पर भड़कीं प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली ,16 दिसंबर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है.**



प्रियंका वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को ख़त्म करना चाहती है. इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है. उन्होंने कहा कि नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है. सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है. महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है.


**आज का इतिहास**

- 1398 - मंगोल सम्राट तैमूर लंग ने दिल्ली पर क़ब्ज़ा किया।
- 1556 - बादशाह अकबर के दरबार के प्रसिद्ध कवि रहीम का जन्म।
- 1645 - मुग़ल सम्राट जहांगीर की पत्नी नूरजहां बेगम का निधन।
- 1715- सिखों के प्रमुख बंदा बहादुर बैरागी ने मुग़लों के सामने आत्मसमर्पण
- 1777 - फ्रांस ने अमेरिकी स्वतंत्रता को मान्यता दी।
- 1803- ईस्ट इंडिया कंपनी ने उड़ीसा पर क़ब्ज़ा किया।
- 1902- इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
- 1907 - उग्येन वांगचुक भूटान के पहले वंशानुगत राजा बने।

# 11 साल में 7,528 घुसपैठिए पकड़े गए

- भारत-बांग्लादेश सीमा बनी बड़ा खतरा, सरकार का खुलासा
- सुरक्षा पर सरकार का फोकस, बॉर्डर का 93% फेंसिंग पूरा

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि वर्ष 2014 से अब तक भारत में सबसे अधिक घुसपैठ भारत-बांग्लादेश सीमा के रास्ते हुई है.**



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में लिखित जवाब देते हुए बताया कि पिछले 11 वर्षों में इस सीमा से 7,528 घुसपैठिए भारत में दाखिल हुए। वर्ष 2025 में जनवरी से नवंबर के बीच ही बांग्लादेश सीमा से 1,104 अवैध घुसपैठ के मामले सामने आए हैं. राय ने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा से इस अवधि में 425 लोगों ने गैरकानूनी रूप से प्रवेश किया, जबकि भारत-चीन सीमा पर अब तक घुसपैठ का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ है. सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर के 93.25 प्रतिशत हिस्से पर फिजिकल फेंसिंग पूरी हो चुकी है, जबकि भारत-बांग्लादेश सीमा पर करीब 79 प्रतिशत क्षेत्र में फेंसिंग लगाई जा चुकी है.

देश के विभिन्न शहरों में स्थित ऐतिहासिक बाजारों को सुरक्षित बनाने के लिए ड्रोन आधारित अग्निशमन प्रणाली की व्यवस्था करने की मंगलवार को राज्यसभा में मांग की गई. कविता पाटीदार ने कहा कि राजधानी दिल्ली के चांदनी चौक और देश भर के इसी तरह के अन्य ऐतिहासिक तथा सदियों पुराने बाजार भारत की अर्थव्यवस्था के आधार हैं. ये बाजार छोटी और तंग गलियों में होने के कारण इनमें बिजली के तार फैले हुए हैं जिनसे शार्ट सर्किट और आग लगने का खतरा बना रहता है. उन्होंने कहा कि इस तरह ये बाजार एक तरह से बारूद के ढेर पर बैठे हैं.



**गृहमंत्री अमित शाह से मिले नितिन नबीन**

**नईदिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने देश के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की. इस दौरान शाह ने उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी.

# बिहार में रोजगार को मिलेगा बल : नीतीश

- मुख्यमंत्री ने घोषित किया सात निश्चय-3 कार्यक्रम

**पटना, 16 दिसंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को बताया कि बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिये सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू करने का निर्णय लिया गया है.**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राजग सरकार राज्य की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रूपए दे रही है. इस योजना के लाभुकों को अपना रोजगार आगे बढ़ाने के लिए दो लाख रूपए तक की सहायता दी जाएगी. उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने वर्ष 2023 में राज्य में जाति आधारित गणना के साथ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण भी कराया था, जिसमें चिह्नित 94 लाख गरीब परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी.



मुख्यमंत्री श्री कुमार ने अपने महत्वकांक्षी सात निश्चय कार्यक्रमों के तीसरे पार्ट को लागू करने फैसला किया. श्री कुमार ने सात निश्चय-3 को लागू किए जाने का ऐलान एक्स पर किया है श्री कुमार ने आज एक्स पर लिखा, 24 नवम्बर 2005 को जब से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी, तब से राज्य में कानून का राज है और लगातार 20 वर्षों से सभी क्षेत्रों और सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया गया है. उन्होंने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य में सुशासन के कार्यक्रमों के अन्तर्गत सात निश्चय (2015-2020) और सात निश्चय-2 (2020-2025) में न्याय के साथ विकास से जुड़े निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के बाद बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिये अब सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू करने का निर्णय लिया गया है. श्री कुमार ने बताया कि सात निश्चय-3 का पहला निश्चय 'दोगुना रोजगार- दोगुनी आय' रखा है.

# बीजापुर में 34 नक्सलियों का एकसाथ आत्मसमर्पण

**बीजापुर. 16 दिसंबर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ चल रही मुहिम को एक बड़ी सफलता मिली है.**

बीजापुर जिले में मंगलवार को एक साथ 34 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. इनमें 26 नक्सली ऐसे थे, जिन पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था. खास बात यह रही कि सरेंडर करने वालों में 7 महिलाएं भी शामिल हैं. राज्य सरकार की पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों के निरंतर दबाव के चलते नक्सली हिंसा छोड़कर अब सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं. यह घटना नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति बहाली की दिशा में अहम मानी जा रही है. छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से नक्सल मोर्चे पर कामयाबी की खबर सामने आई है. मंगलवार को 34 नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया. सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 7 महिलाएं भी शामिल हैं. आत्मसमर्पण करने वाले 34 नक्सलियों में से 26 पर कुल 84 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया ये नक्सली माओवादियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, तेलंगाना राज्य कमेटी और आंध्र-ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे.

# भारत-चीन के बीच फिर शुरू होगा व्यापार

**नई दिल्ली/ शिमला, 16 दिसंबर. भारत और चीन शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से सीमा-पार व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं.**

विदेश मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला के माध्यम से व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी है. अगले साल जून से इस व्यापार के शुरू होने की उम्मीद है. इस कदम को दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी लंबी और संवेदनशील सीमा 20वीं सदी के मध्य से व्यावसायिक आदान-प्रदान के लिए अधिकांश बंद ही रही है. केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद, किन्नौर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने सोमवार को शिपकी-ला व्यापार प्राधिकरण से जुड़े विभागों और हितधारकों की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में शिपकी-ला-नामगिया सेक्टर में सड़क संपर्क, सीमा शुल्क बुनियादी ढांचा, सुरक्षा प्रोटोकॉल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं तथा अंतर-विभागीय समन्वय सहित महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया.



व्यापारी पंजीकरण पूह के तहसीलदार द्वारा किया जाएगा और व्यापार पास केवल गहन सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे. आवेदकों को पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछले व्यावसायिक रिकॉर्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे. व्यापार सख्ती से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित वस्तुओं तक सीमित रहेगा, जिसमें किसी भी विचलन की अनुमति नहीं होगी. दर्रे पर सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और स्थानीय पुलिस द्वारा निगरानी की जाएगी.

**एक नजर में**

## मैक्सिको में जेट क्रैश होने से 7 की मौत

**मैक्सिको सिटी, 16 दिसंबर.** मैक्सिको में एक छोटा प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उसमें सवार क्रू मेंबर समेत 7 यात्रियों मौत हो गई है. ये दुर्घटना सेंट्रल मैक्सिको के तोलुका हवाई अड्डे से 50 किलोमीटर दूर एक इंडस्ट्रियल एरिया में हुई. छोटे सेना विमान ने एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश की, उसी दौरान ये विमान एक फुटबॉल ग्राउंड में उतरा और एक बिल्डिंग से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. दुर्घटना के समय विमान गो-अराउंड की कोशिश कर रहा था. सीसीटीवी फुटेज में विमान को तोलुका और सैन माटेओ एटेंको की सीमा के बीच स्थित एक फुटबॉल मैदान में गिरने से कुछ क्षण पहले दिखाया गया है. एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि इस प्राइवेट जेट में 2 क्रू मेंबर और 8 यात्री सवार थे.


## ऑस्ट्रेलिया में हमला करने वाला साजिद भारतीय था

**हैदराबाद, 16 दिसंबर.** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर फायरिंग करने वाला शूटर साजिद अकरम मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था. तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की. पुलिस ने एक बयान में कहा कि साजिद अकरम 1998 में ऑस्ट्रेलिया चला गया था. तेलंगाना के डीजीपी की तरफ से एक प्रेस नोट में कहा गया कि साजिद और उसका बेटा नवीद अकरम के कट्टरपंथी बनने के पीछे जो कारण थे, उनका भारत या तेलंगाना में किसी स्थानीय प्रभाव से कोई लेना-देना नहीं लगता है.

# गोवा में हर कदम पर भ्रष्टाचार : केजरीवाल

- केजरीवाल का बीजेपी पर हमला, वीडियो भी किया शेयर

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है.**



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल ने गोवा बीजेपी के एक कार्यकर्ता का वीडियो साझा करते हुए वहां की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि जब सत्ताधारी दल के भीतर से ही भ्रष्टाचार की आवाजें उठने लगें, तो यह पूरे सिस्टम के सड़ने का संकेत होता है. केजरीवाल ने एक पोस्ट साझा करते हुए गोवा बीजेपी के एक कार्यकर्ता का वीडियो भी अपलोड किया और कहा कि यह वीडियो भाजपा सरकार की सच्चाई को उजागर करता है. केजरीवाल ने लिखा कि गोवा में बीजेपी के अपने ही वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता खुलकर यह कह रहे हैं कि उन्होंने इतनी भ्रष्ट सरकार कभी नहीं देखी. उन्होंने आरोप लगाया कि गोवा में हर तरफ हफ्ता वसूली हो रही है और हर कदम पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है.

केजरीवाल ने यह भी याद दिलाया कि इससे पहले भी गोवा सरकार के दो मंत्री अपनी ही सरकार पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं और अब एक और नेता सामने आ गया है. आप नेता ने कहा कि जब सत्ताधारी पार्टी के भीतर से ही भ्रष्टाचार की बातें सामने आ रही हों, तो यह साफ हो जाता है कि बीजेपी ने पूरे सिस्टम को भ्रष्ट और बेईमान बना दिया है. उन्होंने दावा किया कि गोवा की जनता अब एक साफ-सुथरे, ईमानदार और जवाबदेह बदलाव की मांग कर रही है. इससे पहले अलग पोस्ट में केजरीवाल ने 1971 की ऐतिहासिक जीत को याद किया.

# विमान हादसों में 314 ने गंवाई जान

**नईदिल्ली, 16 दिसंबर.** 2025 में दुनिया भर में कई भयावह विमान हादसों ने लोगों में डर और चिंता पैदा की. जून में अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर टेकऑफ़ के एक मिनट में क्रैश हो गया, जिसमें 242 में से 241 लोग मारे गए और कुल मृतकों की संख्या 270 तक पहुंच गई. अमेरिका में वाशिंगटन डीसी, अलास्का और टोरंटो में भी गंभीर हादसे हुए, जिनमें करीब 67 लोगों की मौत हुई. कुल मौतों की संख्या 314 हो गई हैं. इन घटनाओं ने हवाई सुरक्षा, विमान निर्माण और निगरानी प्रक्रियाओं पर गंभीर सवाल उठाए. बावजूद इसके आंकड़े बताते हैं कि 2025 में हवाई यात्रा अपेक्षाकृत सुरक्षित रही.

## ड्रीमलाइनर क्रैश में 242 लोगों की मौत



अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान टेकऑफ के एक मिनट के भीतर क्रैश हो गया था. इस भयावह हादसे में 270 से अधिक लोगों की जान चली गई. दुर्घटना के बाद बोइंग विमानों की तकनीकी विश्वसनीयता व भारत की हवाई सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे. अहमदाबाद हवाई अड्डे से 12 जून को उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान ए -171 दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह विमान लंदन के गैटविक एयरपोर्ट जा रहा था, लेकिन टेकऑफ के लगभग एक मिनट के भीतर ही एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकरा गया. इस हादसे में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी.

**राउंड अप 2025**

## एयरलाइंस और हेलीकॉप्टर से टक्कर में 64 की मौत

जनवरी 29 को अमेरिकी एयरलाइंस फ्लाइट 5342 का ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकराना, जिसमें सभी 64 लोग मारे गए, देश को हिला दिया. इसके ठीक दो दिन बाद फिलाडेल्फिया में मेडिकल एयर एम्बुलेंस जेट दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें छह लोग मारे गए. फरवरी में अलास्का में एक छोटे विमान के क्रैश और टोरंटो में डेल्टा जेट का पलटना भी लोगों को डराने वाले हादसों में शामिल हुए. एयरलाइंस की फ्लाइट और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर की टक्कर, फरवरी में अलास्का और टोरंटो में हादसे, और मार्च में मिनेसोटा में घर में गिरने वाली उड़ान ने सुरक्षा पर बहस छेड़ी. इसके आंकड़े दिखाते हैं कि उड़ान अपेक्षाकृत सुरक्षित रही. 2025 की शुरुआत में विमान दुर्घटनाओं की लम्बी श्रृंखला ने लोगों में चिंता पैदा कर दी.

## वाशिंगटन डीसी में 67 लोगों की जान गई



इस साल अमेरिका में हुई कई चर्चित विमान दुर्घटनाओं के बाद हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर चिंता गहराई थी. गूगल सर्च में क्या हवाई यात्रा सुरक्षित है जैसे सवाल तेजी से बढ़े थे. हालांकि आधिकारिक आंकड़ों ने बताया था कि 2025 दुर्घटनाओं के लिहाज से अपेक्षाकृत सुरक्षित वर्ष रहा. अमेरिका में इस वर्ष हुई कुछ भयावह विमान दुर्घटनाओं ने हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर आम लोगों की चिंता बढ़ा दी थी. खासतौर पर वाशिंगटन डीसी में हुई व्यावसायिक विमान दुर्घटना, जिसमें 67 लोगों की मौत हो गई थी, ने पूरे देश का ध्यान खींचा. इसके बाद क्या हवाई यात्रा सुरक्षित है जैसे सवाल इंटरनेट पर सबसे ज्यादा खोजे जाने लगे थे. हालांकि राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के आंकड़ों ने एक अलग ही तस्वीर पेश की थी.

**'विजय दिवस' | प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों के शौर्य और साहस को किया याद**

# भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

**नई दिल्ली, 16 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया.**



जन सूचना अतिरिक्त महानिदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है. 'विजय दिवस: 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी' शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, 'यह एक ऐसी जीत थी जहाँ मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े. यह एक ऐसी जीत थी जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र-बंगलादेश को जन्म दिया.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की बहादुरी, बलिदान और वीरता को याद करते हुए सशस्त्र बलों को विजय दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की.



श्री खरगे ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों और मुक्ति वाहिनी की असाधारण बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

राहुल गांधी कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का अदम्य साहस, संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हमेशा हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा बना रहेगा. कांग्रेस नेता ने स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 1971 में तीनों सेना प्रमुखों के साथ हाथ मिलाते हुए तस्वीरों और ढाका में आत्मसमर्पण समारोह की तस्वीर को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया.



## ट्रंप जूनियर की तीसरी सगाई

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे जूनियर डोनाल्ड ट्रंप ने तीसरी बार सगाई कर ली है. सोमवार को व्हाइट हाउस में आयोजित एक क्रिसमस पार्टी में जूनियर ट्रंप ने अपनी गर्लफ्रेंड बेटिना एंडरसन के साथ सगाई की. डोनाल्ड ट्रंप ने पार्टी में आए मेहमानों के साथ यह खबर शेयर की. बाद में जूनियर ट्रंप के प्रवक्ता एंड्रयू सुराबियन ने भी इस सगाई की पुष्टि की. पिछले एक साल से दोनों रिलेशनशिप में थे और मीडिया में इन दोनों के साथ होने की अफवाहें भी चलती रहती थी. पिछले साल दिसंबर में, ब्रिटेन के डेली मेल ने पाम बीच में ट्रंप जूनियर और एंडरसन की हाथ पकड़े हुए तस्वीरों को छापा था.